# बिहार विद्यालय परीक्षा समिति, पटना

विज्ञप्ति संख्या– पी.आर. 46/2023

## वार्षिक माध्यमिक (सैद्धान्तिक) परीक्षा, 2023 में सम्मिलित होने वाले परीक्षार्थियों को परीक्षा केन्द्र पर परीक्षा प्रारंभ होने के निर्धारित समय से आधा घंटा अर्थात् 30 मिनट पूर्व प्रवेश करने/कराने के संबंध में आवश्यक सूचना

एतद् द्वारा वार्षिक माध्यमिक (सैद्धान्तिक) परीक्षा, 2023 में सम्मिलित होने वाले सभी छात्र/छात्रा, उनके अभिभावक, विद्यालयों के प्रधान, परीक्षा केन्द्र के केन्द्राधीक्षक, परीक्षा केन्द्र पर प्रतिनियुक्त स्टैटिक मजिस्ट्रेट/दंडाधिकारी, वीक्षक, परीक्षा कार्य में संलग्न सभी संबंधित, जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (मा0), जिला शिक्षा पदाधिकारी एवं जिला पदाधिकारी को सूचित किया जाता है कि वार्षिक माध्यमिक (सैद्धान्तिक) परीक्षा, 2023 (दिनांक 14 फरवरी, 2023 से प्रारंभ होकर 22 फरवरी, 2023 तक) के लिए परीक्षार्थियों का प्रवेश परीक्षा प्रारंभ होने से 10 मिनट पूर्व तक करने की व्यवस्था की गई थी, जिसमें निम्नरूपेण संशोधन किया जा रहा है।

**2.** हाल के समय में modern technology के advancement तथा इससे संबंधित नई तकनीकों के आधुनिक इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों के परीक्षा में संभावित दुरूपयोग के आलोक में कई महत्वपूर्ण बदलाव किये गए हैं। इसी क्रम में विभिन्न परीक्षा संस्थानों द्वारा परीक्षार्थियों के प्रवेश की अवधि को संशोधित करते हुए परीक्षा शुरू होने से एक या दो घंटे पूर्व निर्धारित किया जाता है। उदाहरण के तौर पर अब बिहार कर्मचारी चयन आयोग के द्वारा आयोजित परीक्षाओं में अभ्यर्थी को परीक्षा परिसर में परीक्षा प्रारंभ होने से दो घंटे पूर्व पहुँचने का निदेश दिया जाता है तथा बिहार लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित परीक्षा में भी परीक्षार्थी को परीक्षा प्रारंभ होने के एक घंटा पहले तक ही परीक्षा केन्द्र में प्रवेश की अनुमति दी जाती है। **अतः उपरोक्त सभी तथ्यों पर विचारोपरांत एवं समीक्षोपरांत दिनांक– 14 से 22 फरवरी, 2023 की अवधि में आयोजित होने वाली आगामी वार्षिक माध्यमिक (सैद्धान्तिक) परीक्षा, 2023 के परीक्षार्थियों को परीक्षा प्रारंभ होने के 30 मिनट पूर्व तक ही परीक्षा केन्द्र में प्रवेश की अनुमति दी जाएगी।** अर्थात् उक्त आलोक में परीक्षार्थियों के परीक्षा केन्द्र में प्रवेश के लिए पूर्व निर्धारित समय में निम्नरूपेण संशोधन किया जाता है –

| परीक्षा केन्द्र में प्रवेश के लिए निर्धारित समय की पूर्व की व्यवस्था | | परीक्षा केन्द्र में प्रवेश के लिए संशोधित व्यवस्था | |
|---|---|---|---|
| प्रथम पाली | द्वितीय पाली | प्रथम पाली | द्वितीय पाली |
| पूर्वाह्न 09:20 बजे तक | अपराह्न 01:35 बजे तक | पूर्वाह्न 09:00 बजे तक | अपराह्न 01:15 बजे तक |

**3. अतः उपरोक्त तथ्यों के आलोक में इस संशोधित व्यवस्था के अनुसार 14 फरवरी, 2023 से प्रारंभ होने वाली माध्यमिक (मैट्रिक) परीक्षा में सभी परीक्षा केन्द्रों पर परीक्षार्थियों का प्रवेश परीक्षा प्रारंभ होने से 30 मिनट पूर्व तक, अर्थात् 09:30 बजे पूर्वाह्न से प्रारंभ होने वाली प्रथम पाली की परीक्षा के लिए 09:00 बजे पूर्वाह्न तक ही परीक्षार्थियों को प्रवेश की अनुमति होगी तथा 01:45 बजे अपराह्न से प्रारंभ होने वाली द्वितीय पाली की परीक्षा के लिए अपराह्न 01:15 बजे तक ही परीक्षार्थियों का प्रवेश कराया जाएगा।** किसी भी परिस्थिति में निर्धारित समय के बाद आने वाले परीक्षार्थियों के प्रवेश की अनुमति नहीं होगी।

सचिव